## नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में तृतीय विस्तार परिषद् बैठक आयोजित



जबलपुर, 12 दिसम्बर 2025, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU), जबलपुर की तृतीय विस्तार परिषद् बैठक का सफल आयोजन विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का शुभारंभ कुलपति के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने पशुधन और मत्स्य विकास हेतु विस्तार सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के महत्व पर बल दिया।

बैठक की शुरुआत डॉ. सुनील नायक (निदेशक, विस्तार शिक्षा) के उद्घाटन वक्तव्य से हुई तथा द्वितीय परिषद् बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसे डॉ. हरी आर. ने प्रस्तुत किया। परिषद् के सभी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ. एस.आर.के. सिंह (निदेशक ATARI, जबलपुर), डॉ. प्रफुल मून (DDVS) और डॉ. शशि प्रभा धुर्वे (संयुक्त निदेशक, मत्स्य) ने चर्चाओं को समृद्ध बनाया और क्षेत्रीय स्तर पर विस्तार सेवाओं पर विशेष जोर दिया।

बैठक में कुल 10 एजेंडा पर विचार–विमर्श किया गया, जिनमें पशुविज्ञान केंद्रों की स्थापना, संयुक्त कार्य योजना का विकास, प्रौद्योगिकी बैंक और सूची निर्माण, तथा क्षेत्रीय स्तर पर विस्तार सेवाओं की सुदृढ़ डिलीवरी जैसे विषय शामिल थे। इन चर्चाओं का संचालन डॉ. रुचि सिंह (सदस्य सचिव) ने किया।

इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशालय की वार्षिक रिपोर्ट तथा SC & SP, TSP और FFP परियोजनाओं की रिपोर्ट भी जारी की गई। बैठक में डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. अपरा शाही, डॉ. एम.एस. ठाकुर, डॉ. आर.के. शर्मा (अधिष्ठाता, जबलपुर), डॉ. बी.पी. शुक्ला (अधिष्ठाता, महू), डॉ. एस.के. महाजन (अधिष्ठाता, मत्स्य), डॉ. ए.पी. सिंह (अधिष्ठाता, रीवा) तथा श्री रामकिंकर मिश्रा (सहायक रजिस्ट्रार) उपस्थित रहे और उपयोगी सुझाव प्रदान किए।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रुचि सिंह, डॉ. हरी आर., डॉ. अनिल शिंदे, डॉ. शिवांगी पाठक और डॉ. आर.पी. सिंह के सामूहिक प्रयासों से हुआ तथा बैठक का समापन डॉ. रुचि सिंह द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर